# कक्षा – 6

## पाठ – 3

## शब्द विचार

प्रश्नों के उत्तर :–

प्र.1 शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उ0. दो या दो से अधिक वर्णो के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं, जैसे – नदी, आग।

प्र.2 शब्दों के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखो।

उ0. शब्दों के भेद को दो आधारों पर वर्गीकरण किया गया है–

1. उत्पत्ति के आधार पर
2. प्रयोग के आधार पर

प्र.3 उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं?

उ0. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के चार भेद होते है।

1. तत्सम शब्द
2. तद्भव शब्द
3. देशज शब्द
4. विदेशज शब्द

प्र.4 तत्सम और तद्भव में क्या अंतर है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उ0. तत्सम – हिंदी में जो शब्द संस्कृत भाषा से ज्यों के त्यों ले लिए गए हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

जैसे – रात्रि, अग्नि।

तद्भव शब्द – हिंदी में जो शब्द संस्कृत भाषा से आए हैं परंतु उनका रूप परिवर्तित हो गया है, उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं। जैसे – रात, आग।

End of document

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.



Type here to search
4:40 AM
4/28/2020

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| सराय | ताप |



## आपने क्या सीखा?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

   (क) शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

   (ख) शब्दों के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखो।

   (ग) उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं?

   (घ) तत्सम और तद्भव में क्या अंतर है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

2. नीचे दिए गए कथनों में सही के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✕) का चिह्न लगाओ–

   (क) विकारी शब्द दो प्रकार के होते हैं। ✕

   (ख) तत्सम शब्द अरबी भाषा से लिए गए हैं। ✕

   (ग) तद्भव शब्दों का रूप परिवर्तित हो गया है। ✓

   (घ) क्रिया-विशेषण अविकारी शब्द हैं। ✓

   (ङ) वर्णों के सार्थक मेल को वाक्य कहते हैं। ✕



Scanned with CamScanner

3. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखो–

| तद्भव | तत्सम | तद्भव | तत्सम |
|---|---|---|---|
| (क) दाँत | दंत | (च) कौआ | काक |
| (ख) गाँव | ग्राम | (छ) दही | दधि |
| (ग) केला | कदली | (ज) बाघ | व्याघ्र |
| (घ) ताँबा | ताम्र | (झ) ससुर | श्वसुर |
| (ङ) भालू | भल्लूक | (ञ) सावन | श्रावण |

4. हिंदी में प्रयोग किए जाने वाले अँगरेज़ी और फ़ारसी भाषाओं के पाँच-पाँच शब्द लिखो–

| | अँगरेज़ी भाषा | | फ़ारसी भाषा |
|---|---|---|---|
| (क) | मशीन | (क) | बाज़ार |
| (ख) | पेंसिल | (ख) | फ़कीर |
| (ग) | पुलिस | (ग) | कागज़ |
| (घ) | डॉक्टर | (घ) | हज़ार |
| (ङ) | स्कूल | (ङ) | खून |

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'तत्सम' शब्द है–

(अ) मछली ☐ (ब) निद्रा ☑ (स) आम ☐

(ख) 'धरती' शब्द है–

(अ) तत्सम ☐ (ब) तद्भव ☑ (स) देशज ☐

(ग) भारतीय भाषा या बोली से उत्पन्न शब्द को कहते हैं–

(अ) देशज ☑ (ब) विदेशज ☐ (स) रूढ़ ☐

Scanned with CamScanner